

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार
- 12



पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा
- 12



कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद
- 13



डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी
- 14


आज का मौसम
40.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.44
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:10 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 18 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 143, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

# अधर में अधिकार

| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े मत | अनिवार्य थे इतने वोट | सदन में कुल पड़े वोट |
|---|---|---|---|
| 298 | 230 | 352 | 528 |

- समर्थन में 54 वोट कम पड़े, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम, संसद की सीटें बढ़ाकर 850 का था प्रावधान
- बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की थी जरूरत, लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से 540 हैं मौजूदा सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है।



### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधेयक पारित नहीं होने के बाद कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष 100% समर्थन देगा।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी–एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर–मगर, किंतु–परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कॉमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे


- ट्रंप बोले- शुक्रिया ईरान, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी

तेहरान/इस्लामाबाद/मास्को, एजेंसी

ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज को खोलने का एलान किया। उसने कहा कि अब होर्मुज सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। ईरान के विदेश मंत्री की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मदद से ईरान होर्मुज से सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि ईरान पूरी तरह से खुला है।

### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही



राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही है और समझौता होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर डील हो जाती है तो तेल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, होर्मुज पूरी तरह खुला रहेगा और हालात बेहतर हो जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम, जिसे उन्होंने 'न्यूक्लियर डस्ट' कहा, अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के एलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99 .39 डॉलर प्रति बैरल थी।

### हरिवंश रास के निर्विरोध उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। हरिवंश के निर्वाचन के लिए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने एक प्रस्ताव पेश किया और और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए।

### राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याची एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष कोर्ट, एमपी-एमएलए, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था।




**शहर में आज**

- समस्त तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- शेरोवाली मठिया ब्रह्मदेव बाबा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शाम 06 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम कॉलोनी ईदगाह में हवन दोपहर 12 बजे से।

**न्यूज ब्रीफ**

### स्कूटी और बाइक की टक्कर, पांच घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के गांव पिपरैइया दियोहना निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र सर्वेश कुमार अपनी बहन, दादी राम मूर्ति के साथ बाइक से गांव पैनियाराम किशन बुआ के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। गांव गाजना कटैइया के पास पहुंचते ही स्कूटी से टक्कर हो गई। हादसे में सुनील कुमार, स्कूटी चालक गांव महदखास निवासी कपिल, सुनील कुमार की दादी, उसकी बहन और स्कूटी सवार नरेश कुमार को भी मामूली चोटें आई। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### किशोरी को ले गया बरेली का युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया में दी तहरीर में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि 15 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ खेत पर थे। घर पर उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी। इस दौरान बरेली जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निवासी रवि पुत्र पप्पू सुबह नौ बजे उसकी बहन को फुसला कर ले गया। उसकी बहन घर में रखे सोने के कुंडल और ज्वैलरी भी ले गई। बहन की आरोपी से सोशल साइट पर बातचीत होती थी। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कूकर फटने से छलका गर्म पानी, महिला झुलसी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी सूरज शर्मा की पत्नी पूनम शर्मा शुक्रवार सुबह रसोई में नाश्ता तैयार कर रही थीं। उन्होंने कुकर में चने और आलू उबलने के लिए रखे थे। बताते हैं कि वह नजदीक में ही अन्य काम करने लगी। इस दौरान अचानक कुकर धमाके के साथ फट गया। जिससे गर्म पानी छलका और वह झुलस गई। बताते हैं कि एक दिन पहले ही कुकर की नई सीटी लाई गई थी। उसके बाद पहली बार कुकर का प्रयोग किया था। महिला को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। सीएमएस डॉ.रमाकांत सागर ने बताया कि महिला के शरीर का काफी हिस्सा गर्म पानी और भाप से झुलस गया है। फिलहाल स्थिति स्थिर बनी हुई है।

## शव ले जाने को नहीं मिला वाहन तो गुस्साए परिजन

### जिला अस्पताल में किया हंगामा, बमुश्किल कराया शांत



इमरजेंसी गेट पर विरोध दर्ज कराते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अस्पताल लाए गए युवक को मृत घोषित किए जाने के बाद शव गांव तक ले जाने के लिए एंबुलेंस न मिलने पर परिजन गुस्सा गए। उन्होंने इसे लेकर हंगामा कर दिया। सुरक्षा गार्ड ने पहुंचकर किसी तरह मामला शांत कराया। फिर परिवार को शव वाहन मुहैया कराया गया।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी 32 वर्षीय शेर सिंह गुरुवार शाम खाना खाने के बाद घर के बाहर टहलने गए थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। वह बेसुध होकर गिर गए।

परिवार वाले आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार वालों ने शव वापस गांव ले जाने के लिए एंबुलेंस की मांग की लेकिन इससे इन्कार कर दिया गया। जिसके बाद परिवार वाले गुस्सा गए और हंगामा कर दिया। ये भी आरोप लगाया कि उनसे अभद्रता की गई। शव को स्ट्रेचर पर रख इमरजेंसी गेट पर हंगामा किया। शोर पर सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंच गए और परिवार से वार्ता की। काफी मशक्कत के बाद मामला शांत हो सका। फिर शव वाहन मुहैया कराया गया। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। हालांकि किसी की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई। इस पर पुलिस चली गई।

## खुदकुशी को विवश करने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पिछले साल शहर के एक रिजॉर्ट में काम करने वाले उत्तराखंड के युवक ने खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में अब मृतका के पिता ने उत्तराखंड की रहने वाली पिता-पुत्री पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में खुदकुशी को विवश करने की रिपोर्ट दर्ज की है। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के ग्राम कर्मी सापुली निवासी खीम सिंह दानू ने थाना सुनगढ़ी में तहरीर देकर बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र तरुण सिंह पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां चौराहे पर स्थित एक रिजॉर्ट में काम करता था। 29 जनवरी 2025 को सूचना मिली थी कि उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि तरुण सिंह की बातचीत उत्तराखंड निवासी स्नेहा और उसके पिता धनपाल सिंह नेगी से होती थी। कुछ समय से दोनों उसके पुत्र को परेशान कर रहे थे। जानकारी उसके पुत्र ने उनको फोन पर भी दी थी। पुत्र ने एक बार फोन करके मानसिक दबाव में होने की बात भी कही थी। आरोप है कि स्नेहा और उसके पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## कार्रवाई की मांग, 20 से धरने का ऐलान

- डीएम को ग्रामीण ने सौंपा मांग पत्र, तीन मार्च को हुई थी घटना
- वन कर्मियों पर हमला करने की पूर्व में ही दर्ज है एफआईआर

संवाददाता, पीलीभीत/गजरौला



डीएम से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मरौरी गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। डीएम से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। जिसमें चेतावनी दी है कि अगर 19 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे 20 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि तीन मार्च की रात करीब 8.45 बजे गांव के 10-12 साल के बच्चे होलिका दहन के लिए जंगल से लगभग एक किलोमीटर पहले तालाब और खड़ंजे के किनारे सूखी लकड़ियां बीन रहे थे। इसी दौरान वन दरोगा सुमित कुमार, फॉरेस्ट गार्ड सचिन अपने चार-पांच अन्य कर्मचारियों के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि वन विभाग की टीम ने बच्चों को पकड़ लिया और उन्हें अपने साथ ले जाने लगी। बच्चों के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की।

जब महिलाएं बीच-बचाव करने आईं, तो उनके साथ भी मारपीट की गई और अभद्रता की। इस मारपीट में ग्रामीणों को काफी चोटें आई थी। यह भी आरोप लगाया है कि फॉरेस्ट गार्ड ने ओमप्रकाश का मोबाइल और तीन हजार रुपये छीन लिए। उस वक्त ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों का मेडिकल परीक्षण तो कराया, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।मांग की गई कि वन कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर बाबूराम सागर, कुशवीर, बेनी राम, लालाराम, कालीचरन, ओमप्रकाश, नेवाराम, नंदलाल, छत्रपाल, अशोक कुमार, श्रीमोरी लाल, रूपलाल, बाबूराम, नितिन, अनिल, रघुवीर, भजनलाल, बालक राम, दिनेश कुमार, रवि कुमार, दिनेश सिंह, लीला धर, नंदराम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

> होली के आसपास घटना हुई थी। जिसमें वनकर्मियों पर हमला किया गया था। जिसकी रिपोर्ट न्यूरिया थाने में दर्ज है। पुलिस विवेचना कर रही है। उच्चाधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। ऐसे में विवेचना होने तक इंतजार करना चाहिए, फिर उसी आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
>
> **- मनीष सिंह, डिप्टी** डायरेक्टर पीटीआर

## 100 क्विंटल गेहूं काट ले गए दबंग, फसल की नष्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीड़ित महिला की तहरीर पर थाना गजरौला में रिपोर्ट दर्ज
- ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंबाइन लेकर पहुंचे थे आरोपी पक्ष के लोग

**अमृत विचार :** जमीन कब्जाने की नीयत से महिला किसान की फसल काटकर आरोपी ले गए। महिला ने कई लोगों पर रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंबाइन लेकर पहुंचने, करीब 100 क्विंटल गेहूं चोरी करने और लाखों की फसल नष्ट करने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी कामाक्षी गंगवार पत्नी हरिओम गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम देवीपुरा में स्थित जमीन की वह मालिक है। यह जमीन उन्होंने 22 जनवरी को अपनी रिश्तेदार सुनीता पत्नी अजय गंगवार निवासी चुटकना, थाना बीसलपुर से खरीदी थी। आरोप है कि राजेन्द्र सिंह, लक्ष्मण प्रताप, शिशुपाल, प्रेमपाल,हरीओम, सुरेंद्र निवासीगण ग्राम देवीपुरा अपने पांच से छह अज्ञात साथियों के साथ दबंगई के बल पर जमीन हड़पना चाहते हैं।

आरोप है कि 10 अप्रैल की रात करीब 12 बजे सभी आरोपी अपने अज्ञात साथियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंबाइन लेकर पहुंचे और खेत में खड़ी गेहूं की फसल काट ली। आरोपी करीब 100 क्विंटल गेहूं ले गए और बाकी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोतकर नष्ट कर दिया, जिससे करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर वह पति के साथ मौके पर पहुंचीं तो ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दी। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मरीज की मौत के बाद परिजनों का जिला अस्पताल में हंगामा



जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार



मरीज की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परिवार ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** जहरीला पदार्थ खाकर तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाए गए ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सीएमएस ने पहुंचकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने। कार्रवाई की मांग की जाती रही। सूचना मिलने पर पुलिस बल भी पहुंच गया और काफी देर बाद बमुश्किल मामला शांत हो सका। इस दौरान अस्पताल परिसर में भीड़ लगी रही।

बताते हैं कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बगवापुर निवासी 65 वर्षीय कुंदनलाल पुत्र मानसिक रुप से अस्वस्थ थे। गुरुवार को गांव के बाहर की तरफ थे। इस दौरान साइकिल पर सामान बेचने आए एक अज्ञात व्यक्ति से कुछ खाने को ले लिया। आरोप है कि वह जहरीला पदार्थ था, जिसे वह खा गए। कुछ देर बाद वह घर पहुंचे और हालत बिगड़ चुकी थी। परिवार वालों ने इसे लेकर जासनकारी की और आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले आए। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन गुस्सा गए और हंगामा कर दिया।उनका आरोप था कि चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ ने इलाज में लापरवाही बरती। समय पर उपचार नहीं दिया गया। इसी के चलते उनकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। सीएमएस डॉ.रमाकांत सागर भी आ गए। उञन्होंने परिजन से वार्ता कर शांत कराने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बन सकी। फिर कोतवाल सत्येंद्र कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए और वार्ता कर परिवार को शांत कराने में जुटे रहे। परिवार वाले चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। पुलिसकर्मियों के शांत कराने का प्रयास करने पर बहस भी हो गई। बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत भी अस्पताल पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर आश्वस्त किया। महिला थाना पुलिस को भी अस्पताल बुला लिया गया। फिर दोनों पक्षों के बीच पुलिस की मौजूदगी में वार्ता चली और बमुश्किल मामला शांत हो सका।

## किराये पर दिया ट्रैक्टर हड़पा, विरोध पर धमकाया

- कोर्ट के आदेश पर गजरौला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम कबीरगंज निवासी दलेर सिंह पुत्र संतोष सिंह की ओर से कोर्ट के आदेश पर थाना गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें ग्राम कबीरगंज के बलविंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह को आरोपी बनाया है। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रैक्टर का पंजीकृत स्वामी है। उसने 30 मई 2023 को कृषि कार्य के लिए अपना ट्रैक्टर आरोपी को 13500 प्रतिमाह किराये पर दिया था।

आरोप है कि तय शर्तों के अनुसार किराया जमा कराया जाता रहा लेकिन पिछले करीब छह माह से आरोपी ने न तो किस्त जमा की और न ही ट्रैक्टर लौटाया। जब उसने ट्रैक्टर वापस मांगा तो आरोपी ने तीन लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगा। 15 फरवरी गजरौला कस्बे में उसने आरोपी को दो अज्ञात लोगों के साथ ट्रैक्टर ले जाते देखा। जब आरोपी को रोका तो उसने साथियों संग मिलकर मारपीट की। ट्रैक्टर बेचने की धमकी दी गई। गजरौला एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## नौकरी के नाम पर ठगे साढ़े सात लाख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रूस के मॉल में नौकरी दिलाने के नाम पर टूरिस्ट वीजा पर भेजा

**अमृत विचार :** रूस में मोटी तनख्वाह वाली नौकरी का सपना दिखाकर दो युवकों से साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए गए। टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजने के बाद जब नौकरी नहीं मिली और पीड़ितों ने रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने पल्ला झाड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम कुर्री निवासी शहजाद पुत्र इश्तियाक अहमद की ओर से एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें पीड़ित ने बताया किउनका दोस्त मेराज पुत्र निसार अहमद, निवासी न्यूरिया कस्बा, के साथ उनकी जान-पहचान साहिल अंसारी, नकी और साहिल मंसूरी से थी। ये सभी लोग खुद को विदेश भेजकर नौकरी दिलाने वाला एजेंट बताते थे।

आरोप है कि अप्रैल 2025 में तीनों आरोपी शहजाद और मेराज के घर पहुंचे और उनके भाइयों मिनहाज व अशफाक को रूस के एक मॉल में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उन्होंने 80 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन का लालच देते हुए प्रति व्यक्ति करीब चार लाख रुपये खर्च बताया। पीड़ितों के अनुसार, भरोसे में आकर उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक खातों और नकद के जरिए कुल साढ़े सात लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।

इसके बाद आरोपियों ने दोनों युवकों को टूरिस्ट वीजा पर रूस भेज दिया और नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। मगर, वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी युवकों को कोई नौकरी नहीं मिली और वे वापस भारत लौट आए। जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी टालमटोल करते रहे और बाद में अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। पीड़ितों का आरोप है कि 24 फरवरी 2026 को जब वे आरोपी के घर पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज कर भगा दिया गया। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

## प्लाटून कमांडर ने पत्नी को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कमांडेंट से शिकायत के बाद समझौता, फिर दोबारा शुरू हुआ उत्पीड़न

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर पीएसी के एक प्लाटून कमांडर पर आरोप है कि पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि मायके पक्ष से लाखों रुपये मिलने के बावजूद ससुरालवालों का उत्पीड़न नहीं रुका। पुलिस ने पति समेत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना अमरिया क्षेत्र की रहने वाली खुशनुमा बी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका निकाह 21 जून 2020 को शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम उन कला निवासी ताहिर खान से हुआ था, जो पीएसी में प्लाटून कमांडर है और वर्तमान में सीतापुर में तैनात है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति ताहिर खान, सास परवीन बेगम, ससुर सबला खान, देवर शाकिब खान और ननद फरीन समेत अन्य परिजनों ने दहेज में 11 लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी।

मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार मारपीट की जाती रही और पति की दूसरी शादी कराने की धमकी दी जाती थी। खुशनुमा बी ने बताया कि ससुराल पक्ष के दबाव में मायके वालों ने बरेली स्थित अपना मकान बेचकर 11 लाख रुपये दे दिए, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों का रवैया नहीं बदला। पीड़िता के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ बर्बरता की गई। सात माह की गर्भवती होने पर मारपीट में घायल होने के बाद उसे बरेली के अस्पताल में उपचार कराना पड़ा।

आरोप है कि 19 मार्च 2025 को दोपहर करीब दो बजे फिर से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद उसने न्याय के लिए पुलिस का सहारा लिया। उसने मामले की शिकायत पीएसी की 27वीं वाहिनी, सीतापुर के कमांडेंट से की थी।

शिकायत की जानकारी मिलने पर आरोपी पति ने कार्रवाई से बचने के लिए समझौता कर लिया, लेकिन कुछ समय बाद फिर से उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## जिला अस्पताल में किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का किया चालान

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में भर्ती बीमार नानी की देखरेख में लगी किशोरी से एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर लोग जमा हुए और आारोपी को पकड़कर पिटाई करदी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

गजरौला क्षेत्र की महिला जिला अस्पताल में भर्ती है। उनकी देखरेख के लिए उसकी नाबालिग पौत्री रुकी है। इसी वार्ड में अमरिया थाना क्षेत्र के गांव इजरा बबनपुरी निवासी यूनिस का भी परिचित भर्ती था। इसके चलते यूनिस गुरुवार को अस्पताल आया था। देर रात किशोरी वार्ड के पास शौचालय की ओर गई थी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसका पीछा किया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी ने शोर मचाया तो लोग जमा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। किशोरी नर्सिंग स्टाफ कक्ष में पहुंची और स्टाफ को घटना बताई।

अस्पताल परिसर में खलबली मच गई। कुछ लोगों ने आरोपी की इस हरकत पर पिटाई कर दी। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पीलीभीत में छह केंद्रों पर कड़े पहरे में होगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## 25, 26 और 27 अप्रैल तक दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी परीक्षा

- डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद में उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को शुचितापूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 25, 26 और 27 अप्रैल को जनपद के छह केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। इस बाबत डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गांधी सभागार में शुक्रवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक बताया गया कि 25 से 27 अप्रैल तक होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा के तहत परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 03 से 05 बजे तक चलेगी। बैठक के दौरान डीएम ने सभी स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा से एक दिन पहले केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाएं प्रकाश, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

रोजाना दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा को लेकर डीएम की ओर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कहा कि परीक्षार्थियों को केंद्र के भीतर मोबाइल, घड़ी, एटीएम कार्ड या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से आईडी कार्ड के साथ ही प्रवेश करें। बिना पहचान पत्र के परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा।



गांधी सभागार में बैठक में मौजूद डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

### सीसीटीवी की निगरानी में खुलेंगे प्रश्न पत्र

परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों के सील्ड पैकेट सीसीटीवी की निगरानी में ही खोले जाएंगे और परीक्षा समाप्ति के बाद कक्ष के भीतर ही उन्हें सील्ड किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों से टीम भावना के साथ काम करने और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने की अपील की और कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसपी सुकीर्ति माधव, एएसपी विक्रम दहिया, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सभी एसडीएम समेत परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा विधायक ने बरात घर का किया लोकार्पण

- मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्राम निधि से कराया निर्माण

**बिलसंडा, अमृत विचार:** ईंटगांव में नवनिर्मित बरात घर का शुक्रवार को बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। बरात घर का निर्माण मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्राम निधि से कराया गया है। विधायक ने कहा कि बरात घर बनने से गरीब तबके के परिवारों को निजी एवं सामूहिक कार्यक्रम करने में आसानी होगी। इस दौरान ग्राम प्रधान रोहित गंगवार, अशोक शर्मा, मास्टर रामकुमार, परदेशी कुमार, रामपाल फौजी, दाताराम, रामसरन पाल, त्यागी बाबा आदि मौजूद रहे।



बरात घर का लोकार्पण करते विधायक विवेक वर्मा।

# अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क मिलेगी कोचिंग

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को 21 से शुरू होंगे आवेदन
- पीलीभीत में दो और पूरनपुर के एक केंद्र पर मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जनपद के युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क कोचिंग का रास्ता साफ हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जनपद के तीन केंद्रों पर निशुल्क कोचिग का लाभ मिल सकेगा। इसको लेकर 21 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जनपद में यूपीएससी, नीट, जेईई और एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब जनपद के युवाओं को जनपद के बाहर अन्य महानगरों में जाने की जरुरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि जनपद स्तर पर इस योजना का संचालन ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर और उपाधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है और चयन मेरिट, प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत नीट एवं जेईई के लिए कक्षा 11-12 के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी पात्र होंगे। वहीं यूपीएससी और यूपीपीएससी जैसी सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए स्नातक अंतिम वर्ष या स्नातक उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकेंगे। एसएससी और यूपीपी जैसी एक दिवसीय परीक्षाओं के लिए अर्हता संबंधित परीक्षा के मानकों के अनुरूप होगी।

### 21 अप्रैल से 15 मई तक जमा होंगे फॉर्म

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या 12 से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ इसी कक्ष में जमा किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है।

# किसानों को बताए उन्नत खेती के उपाय





कार्यक्रम में मौजूद किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल के ग्राम मूसेपुर जयसिंह में शुक्रवार को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को उन्नत बीज, खाद एवं आवश्यक दवाइयों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्हें बीज, खाद एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के निर्देशन में डॉ. प्रवीण कपिल, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा मनोज कुमार साहू, राहुल लोहान (गन्ना विकास) उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

# विदुर और विदुरानी की कथा का प्रसंग सुनाया

- शेरों वाली मठिया स्थित ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शेरों वाली मठिया स्थित ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन विदुर और विदुरानी की कथा का प्रसंग सुनाया गया। इसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए।

कथाव्यास जी श्रीठाकुर जी महाराज ने बताया कि विदुर और विदुरानी (विदुरा) की कथा महाभारत में श्री कृष्ण के प्रति निश्चल भक्ति का प्रतीक है। दुर्योधन के अपमान के बाद, जब भगवान कृष्ण शांतिदूत बनकर हस्तिनापुर आए, तो दुर्योधन के छप्पन भोग को ठुकराकर उन्होंने अपने परम भक्त विदुर के घर केले खाए। विदुरानी ने प्रेम में आकर केले का छिलका खिलाया, जिसे भगवान ने खुशी-खुशी स्वीकार किया। विदुर और उनकी पत्नी विदुरा हस्तिनापुर में अपनी कुटिया में भगवान कृष्ण का चिंतन करते थे।

दुर्योधन के अत्याचारों के कारण वे राजमहल से दूर रहते थे। श्रीकृष्ण जब विदुर की कुटिया में आए तब वह घर पर नहीं थे। विदुरा भगवान को देखकर सुध-बुध खो बैठीं। प्रेम की अतिशयता में वे केले छीलकर फल फेंकती रहीं और छिलके कृष्ण को खिलाती रहीं। श्रीकृष्ण ने विदुरानी के प्रेम भाव को स्वीकार किया और केले के छिलके बड़े स्वाद से खाए। जब विदुर आए और देखा कि भगवान छिलके खा रहे हैं तो उन्होंने विदुरा को डांटा। तब कृष्ण ने कहा कि उनकी काकी ने इतने प्रेम से खिलाया कि उन्हें छिलका या फल का पता ही नहीं चला। कथा के समापन के बाद आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ।

इस मौके पर उमेश चंद्र अग्रवाल, अभिषेक सिंह गोल्डी, अमन राठौर, नमन राठौर, मोहनस्वरूप मौर्य, राकेश, रामू, जय सिंह, हरिओम, अक्षत, नरेश, लकी आदि मौजूद रहे।



श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। • अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय

राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005





बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ... नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक



डा. विनय गंगवार

एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन



डा. आंचल अग्रवाल

एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)

फीजिशियन

शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)

ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक

बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323



डॉ. हारिस अंसारी

एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)

Consultant Urologist & Andrologist

गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन

- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल

डॉ. एम. खान हॉस्पिटल

मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली

हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



डॉ. नितिन अग्रवाल

एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)

हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

2D ECHO + TMT

हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल

APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC

ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

# बढ़ैरा में हुआ यज्ञ, डाली आहुतियां



यज्ञ में शामिल श्रद्धालु। • अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** आर्य वीरदल बढ़ैरा में अनवरत चल रहे बैशाख की अमावस्या पर विशेष यज्ञ कराया गया। यज्ञ ब्रह्मा आर्य समाज कटरा प्रयागराज के पुरोहित आचार्य प्रवर रामबहादुर शास्त्री ने सम्पन्न कराया।

मुख्य यज्ञमान लालाराम आर्य सपत्नीक रहे। रामप्रताप आर्य ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने बताया है कि वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है। वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है। आचार्य प्रवर राम बहादुर शास्त्री ने भी विचार रखे। आर्य वीर दल बढ़ैरा के अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने भजन सुनाए।

इस मौके पर रामप्रताप आर्य, मुरारीलाल आर्य, रामसागर आर्य, श्रीराम आर्य, सीताराम आर्य ,चन्द्रपाल आर्य आदि मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर 5 लोगों पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** एसपी के आदेश पर पुलिस ने युवती की ओर से शादी का झांसा देकर यौन शोषण के मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने बताया कि छह माह पूर्व वह एक शादी समारोह में गई थी। वहां गांव मधुडांडी निवासी आकाश बेलदार नाम का लड़का मिला, जिसे अपना नंबर दिया। वह फोटोग्राफी का काम करता है। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी।

शादी का झांसा देकर कई बार घुमाने ले गया और शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी उसे राजीव कॉलोनी में विराट शर्मा के मकान पर ले गया और वहां भी दुष्कर्म किया। आकाश के बड़े भाई बबलू ने कॉल कर जगरौली पुल बुलाया और भाई का पीछा छोड़ने का दबाव बनाया। विरोध पर मारपीट की। आकाश की मां शीला देवी, बबलू, बबलू की पत्नी ने भी पीटा। सादे कागज में पूर्व में हस्ताार भी कराए थे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## विधायक ने चौपाल में सुनीं समस्याएं

**बिलसंडा।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बुधौली में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक विवेक वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदेव सिंह ने ग्रामीणों को पशुओं में होने वाले रोगों और उनके उपचार की जानकारी दी। इस दौरान बीडीओ अमित शुक्ला, सचिव इबरार आदि मौजूद रहे।

# एसओएफ विज्ञान ओलंपियाड में छात्रों ने जीते मेडल

- मेधावियों की झोली में स्वर्ण पदक आए, सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल के छात्रों का एसओएफ विज्ञान ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन रहा। मेधावियों की झोली में स्वर्ण पदक आए। इस पर उनको सम्मानित किया गया।

लिटिल एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ विज्ञान ओलंपियाड 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। छात्रों ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन और गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस श्रेणियों में पदक अपने नाम किए। विजेता में कक्षा दो से प्रत्युष दास, कक्षा चार में आयुष सक्सेना, कक्षा छह में आरव रघुवंशी, सारथ गोयल, अक्षज मिश्रा, कक्षा सात में आरुष दास, पावन अग्रवाल, कक्षा आठ में सौरिश अग्रवाल, सूरज पांडेय, अक्षज, आविका गुप्ता, कक्षा नौ में दिव्यांशी राठौर रहे। वहीं, गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस विजेताओं में कक्षा एक से 10 तक के 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने यह पदक जीता। इसे लेकर सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें निदेशक संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उप-प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, प्रधानाध्यापिका नीना महरोत्रा, ओलंपियाड प्रभारी उत्तम शर्मा, भुवनेश गोयल आदि ने प्रतिभा को सम्मानित किया। कहा कि यह सफलता बच्चों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।



प्रधानाचार्य संग सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे। • अमृत विचार

# गैरहाजिर चल रहे दो और सफाईकर्मी निलंबित

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जनपद की तहसील पूरनपुर और अमरिया विकास खंड में बगैर सूचना के गैर हाजिर चल रहे दो सफाई कर्मचारियों के लिए निलंबित कर दिया गया है। पूरनपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत जोगराजपुर में तैनात सफाई कर्मचारी राजवीर पिछले कई माह से बगैर सूचना दिए ही अनुपस्थित चले आ रहे थे। इसी तरह अमरिया विकास खंड की ग्राम पंचायत अमखेड़ा में तैनात सफाई कर्मचारी बृजेश कुमार भी विभाग को बिना सूचना दिए ही काफी समय से नदारद चले आ रहे थे। मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ रोहित भारती ने गैरहाजिर चले आ रहे दोनों सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

# दिन में उत्साह-शाम को मायूसी, महिला आरक्षण बिल पर उम्मीदें पस्त

## विधायक मंजू त्यागी की अगुवाई में दिन में बड़े उत्साह के साथ पैदल मार्च निकाला गया, देर शाम छाई निराशा

- महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने से भाजपाई हुए निराश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


विधायक मंजू त्यागी के साथ अधिनियम को लेकर पैदल मार्च निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार


कलक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता करतीं प्रबुद्ध महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महिला आरक्षण बिल को लेकर शुक्रवार को जिले में सुबह से ही उत्साह और राजनीतिक सक्रियता देखने को मिली, लेकिन देर शाम वोटिंग में बिल पास न हो पाने की खबर ने इस उत्साह को मायूसी में बदल दिया। खासकर सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए समर्थन जताया था। महिलाओं में भी इसे लेकर खासा जोश नजर आया, पर बिल शाम होते होते खुशी मायूसी में बदल गई।

शहर में कंपनी बाग से श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हाथों में तख्तियां लिए महिलाएं बिल के समर्थन में नारे लगाती नजर आईं और इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। मार्च के दौरान पूरे माहौल में उत्साह और उम्मीद की झलक साफ दिखाई दी। मार्च से पहले आयोजित सभा में विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह विधेयक उनके राजनीतिक अधिकारों को मजबूत करेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक संजय मिश्र, पारूल गुप्ता, अनुश्री जायसवाल, संध्या वाजपेयी, जिला मंत्री शरद मिश्र, अनुराग मिश्र, मनोज वर्मा, राजेश सिंह, किरन अग्रवाल, संतोष कुमारी, रामजी मौर्य, आशू मिश्र, विनोद लोधी, जितेंद्र साहनी, सुदीप निगम, रमेश चंद्र मिश्र, अंकित अवस्थी, राजू अग्रवाल, सुमित मोदी, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। हालांकि दिनभर चले इन कार्यक्रमों और उत्साह के बीच देर शाम जब वोटिंग में बिल पास नहीं हो सका, तो पूरे माहौल में अचानक बदलाव देखने को मिला। जहां सुबह तक उत्सव जैसा माहौल था, वहीं शाम होते-होते समर्थकों और महिलाओं के बीच मायूसी छा गई। कई लोगों ने इसे एक अधूरी उम्मीद बताते हुए निराशा जताई, हालांकि साथ ही भविष्य में इसके फिर से आने की उम्मीद भी जताई। दिनभर चले आयोजनों के बाद इस तरह का परिणाम सामने आने से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। अब नजरें आगे की राजनीतिक प्रक्रिया पर टिकी हैं कि यह मुद्दा फिर कब और किस रूप में सामने आएगा।

### सपा सांसद ने संसद में उठाए तीखे सवाल

धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने महिला आरक्षण कानून को लेकर संसद में तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिनियम को आधी रात में नोटिफाई किया जाना सरकार की मंशा को दर्शाता है। प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष को आरक्षण का विरोधी बताना गलत है। सदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि वह डॉ. लोहिया और जनेश्वर मिश्र की विचारधारा से जुड़े लोग हैं और आधी आबादी को आरक्षण देने के पक्ष में मजबूती से खड़े हैं। सांसद ने यह भी कहा कि सत्ता पक्ष इतिहास बनाने की जल्दबाजी में लोकसभा क्षेत्रों का भूगोल बदलने पर आमादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नारी शक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि उनके कंधों पर बंदूक रखकर लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास है। आनंद भदौरिया ने सवाल उठाया कि इस कानून में हर वर्ग की भागीदारी नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या इसमें ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं को उनका उचित हक दिया गया है, जो अब तक सबसे ज्यादा वंचित रही हैं।

### नारी शक्ति वंदन में छात्राओं ने मानव श्रृंखला में बनाया त्रिशूल

**गोला गोकर्णनाथ।** श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर प्रकृति के तीन गुण सत, रज और तम के संतुलन के रूप में मां शक्ति द्वारा धारण किया जाने वाला त्रिशूल प्रदर्शित किया। श्रृंखला की प्रत्येक कड़ी तीन छात्राओं द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम संयोजन दिवस आयोजन समिति की प्रमुख सवि चतुर्वेदी, सहयोगी वंदना शुक्ला, प्रियंका त्रिपाठी ने प्रधानाचार्य डॉ. पूनम वर्मा के निर्देशन में किया गया।

### महिलाओं ने प्रेस वार्ता में की थी प्रधानमंत्री की सराहना

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुशीला सिंह, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा अखिलेश, डॉ. प्रियंका शर्मा और डॉ. निहारिका श्रीवास्तव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि यह कानून बन गया तो महिलाओं के लिए आगे बढ़ने का रास्ता खोलेगा और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी का मौका भी देगा। स्थानीय स्तर पर भी यह विश्वास जताया जा रहा था कि इससे महिलाओं की आवाज को मजबूती मिलेगी और वे समाज के मुद्दों को बेहतर तरीके से सामने रख सकेंगी। उन्होंने महिलाओं और बेटियों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार की सराहना भी की गई। इस दौरान एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी और एसडीएम अर्चना ओझा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सूचना विभाग के लोकेश गुप्ता ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुंभी चीनी मिल ने किया गन्ना भुगतान

**बग्घून, अमृत विचार :** कुम्भी चीनी मिल के प्रमुख डॉ. सुनील कुमार यादव ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में चीनी मिल ने 155 दिनों में एक करोड़ 62 लाख 17 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की थी। किसानों से खरीदे गये 162.17 लाख क्विंटल गन्ने का पूरा भुगतान 622 करोड रुपया कर दिया है। कहा कि किसान अधिक से अधिक क्षेत्र में गन्ना बुवाई करें ताकि चीनी मिल को उसकी पेराई क्षमता के अनुसार गन्ना उपलब्ध हो सके।

### होनहार युवाओं, समिति के सदस्यों का सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** परशुराम जयंती पर 19 अप्रैल को होनहार युवाओं, महानुभावों और द्विज सहायता समिति के सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। नगर के नीलकंठ मैदान में संकट मोचन हनुमान मंदिर में महर्षि परशुराम का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। द्विज सहायता समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रात: 9 बजे से पूजन, वंदन किया जाएगा।

### महिला व उसके बच्चों को पीटा

**निघासन, अमृत विचार :** मटेहिया मजरा बैलहा गांव निवासी रेखा देवी ने बताया कि गांव के ही सुनील, अंकिता, रामसागरी और चांदनी उर्फ कल्लू ने उसे बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर सभी ने उस पर हमला कर दिया। बचाने पहुंचे उसके बच्चों को भी पीटा। पीड़िता का आरोप है कि रामसागरी ने उसके हाथ में काट लिया, जबकि सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### जिला अस्पताल में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव सिरसी निवासी उदन के रिंकू (34) की गुरुवार दोपहर अचानक तबीयत खराब हुई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां दोपहर उसकी मौत हो गई।

# मेडिकल कॉलेज में साइबर सुरक्षा के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में शुक्रवार को साइबर सेफ्टी एवं साइबर क्राइम अवेयरनेस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने की।

मुख्य वक्ता साइबर सेल प्रभारी हेमंत रॉय और उनकी टीम ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, ई-मर्डर और साइबर फ्रॉड जैसे मामलों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करना बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताते हुए कहा कि ठगी या धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत इस नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिससे नुकसान को रोका जा सके। प्राचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका असर आम लोगों के व्यक्तिगत व पेशेवर जीवन पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इनसे बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। उन्होंने इस दौरान साइबर सेल टीम को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट व एमबीबीएस प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी हासिल की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

- अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं, बिजली पर निर्भर एक्स-रे

संवाददाता, पसगवां


पर्चा बनवाने के लिए खड़े मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी खल रही है। खासकर महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और सर्जन के अभाव में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लखनऊ-दिल्ली फोरलेन हाईवे के पास होने के कारण यहां आए दिन सड़क हादसे के मरीज पहुंचते हैं, लेकिन सर्जन न होने से उन्हें रेफर करना पड़ता है।

सीएचसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते मरीजों को मोहम्मदी भेजा जाता है। 50 बेड वाले इस अस्पताल में प्रतिदिन करीब 400 मरीजों की ओपीडी होती है। यहां आपातकालीन चिकित्सा और प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। पसगवां, उचौलिया और मैगलगंज थाना क्षेत्रों के मेडिकल परीक्षण भी यहीं किए जाते हैं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा के अनुसार, अस्पताल में तीन एमबीबीएस डॉक्टर, चार आयुष चिकित्सक, तीन फार्मासिस्ट, पांच स्टाफ नर्स, तीन लैब टेक्नीशियन, दो नेत्र सहायक, एक डेंटिस्ट, एक एआरटी काउंसलर, एक वार्ड ब्वॉय, एक स्वीपर और एक चौकीदार तैनात हैं। इसके अलावा एक यूनानी और एक योग चिकित्सक भी सेवाएं दे रहे हैं। यूनानी चिकित्सा के तहत सप्ताह में एक दिन ब्लॉक की पीएचसी पर कैंप भी आयोजित किया जाता है। अस्पताल में दवाइयों की कमी नहीं है। एंटी-रेबीज इंजेक्शन और सर्पदंश के उपचार की दवाएं भी उपलब्ध हैं। हालांकि एक्स-रे सुविधा केवल बिजली होने पर ही संभव है। बिजली न होने की स्थिति में मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। सीएचसी में साफ-सफाई, पेयजल, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और रैन बसेरा जैसी सुविधाएं व्यवस्थित हैं। मरीजों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था वेंडर के माध्यम से कराई जाती है। परिसर में जन औषधि केंद्र भी संचालित है, जहां सस्ती जेनरिक दवाएं मिलती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां इलाज और दवाओं की व्यवस्था संतोषजनक है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को बाहर भेजना पड़ता है।


हम लोग यहीं आकर डॉक्टर को दिखाते हैं और दवाएं भी यहीं मिल जाती हैं। कोई दिक्कत नहीं होती। **-अनूप कुमार**, मरीज, सदरियापुर


अस्पताल में दवाई लेने आई थी। यहां मरीजों को ठीक से देखा जाता है और दवाएं बाहर से नहीं लिखी जाती हैं। **-नवनीता देवी**, मरीज, मोहिउद्दीनपुर

> विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में गंभीर मरीजों को रेफर करना पड़ता है। अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं है, लेकिन गर्भवती महिलाओं को टोकन देकर मोहम्मदी में जांच कराई जाती है।
> **-डॉ. अश्वनी वर्मा**, अधीक्षक, सीएचसी पसगवां


## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सीमा देवी पत्नी दीपक कुमार व दीपक कुमार पुत्र गोधन लाल ने एक प्लाट नं. 191 ग्राम नरोत्तम नगला संबद्ध हबीतुल्ला खां शुमाली वार्ड नं. 13 परगना व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत में स्थित है। उक्त सम्पत्ति लोन हेतु सितारा हाउसिंग फाइनेंस से लिया गया है। इस सम्बन्ध में एक विक्रय विलेख प्रेमवती पत्नी जानकी प्रसाद के पक्ष में निष्पादित गयी थी जोकि उक्त पंजीकरण दिनांक 04.08.2012 बुक नं. 1 वाल्यूम नं. 3917 पेज 197 से 228 सीरियल नं. 5000 4.8.2012 में हुयी जोकि रास्ते में जाते समय इस बैनामे के मूल बैनामा की मूल प्रति कहीं गिर गयी है। जिसकी सूचना 16.04.2016 को पुलिस को दी जा चुकी है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उपयुक्त अभिलेख या स्वामित्व से सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर बैंक के एडवोकेट सोनू यादव से सम्पर्क करें।

सोनू यादव
(एडवोकेट)
सितारा हाउसिंग फाई. लि.
मो. 9324585156

## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T03 Date- 16.04.2026

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.स. 1:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मंडल में मानीमऊ स्टेशन पर goods shed के डेवेलपमेंट/अपग्रेडेशन के लिए ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेश नं. SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T03, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹3,06,80,579.27, धरोहर राशि रुपया में: ₹6,13,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 11.05.2026, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह,

खुली ई-निविदा दिनांक 11.05.2026 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in**, पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-18 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र.सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु. इन्जी.-नि.-बीएसबी-01-2026, दिनांक : 15.04.2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में भटनी-औड़िहार खण्ड के विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण परियोजना (116.95 किमी) (इन्दारा-मऊ खण्ड को छोड़कर) के अंतर्गत औड़िहार यार्ड में किमी 170/8-9 पर समपार संख्या 20-A के स्थान पर आरओबी के निर्माण के सम्बन्ध में, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 56,53,60,744.59, **बयाना राशि** : रु. 1,13,07,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 18 (अठारह) माह।

- बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **24.04.2026**
- उपरोक्त निविदा सबमिशन की बन्द होने की तिथि - **दिनांक 08.05.2026, 14:30 बजे तक।**
- उपरोक्त निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 08.05.2026, 14:30 बजे के उपरांत।**
- निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
- निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**कार्यपालक इंजी./नि./वाराणसी मो. नं. 9794845238**
**मुजाधि/डब्ल्यू-29**
**उप मुख्य इंजीनियर/नि./I, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक: 30/न.पं.नि./नि.सू.-15 वां वित्त/2025-26 दिनांक: 17.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15 वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 08.05.2026 को समय अपरान्ह 03:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसे ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो कि दिनांक 18.04.2026 से दिनांक 08.05.2026 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी
अध्यक्ष, नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

## कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बरेली

पत्रांक: 49/जि.ग्रा.का./बरेली/सी.एफ.सी. पत्रा./2026-27 दिनांक: 17.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/मशीन आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत सी.एफ.सी. हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार मशीन आपूर्ति कराने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 25.04.2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित हैं। निविदाएं तद्दिनांक को अपरान्ह 02:00 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बरेली में खोली जायेगी। बिना कारण बताये किसी एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा शुल्क का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | समर सेबिल 01, जिगर जोली10 सेट, एक अदद बॉलमिल कम पॉटमिल, सांचे मोल्ड, जनरेटर | 500000.00 (जी.एस.टी. सहित) | 10000.00 | 650.00 | 30 दिन |

नियम व शर्ते:- किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग में प्राप्त कर सकते हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बरेली

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1653/ई-टेण्डर/26-27 दिनांक 10.04.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 21.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 28.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2025-26 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | जनपद बरेली में 100 फुटा रोड पर सूद धर्मकाटा से न्यू-लाईफ हॉस्पिटल होते हुए शिवम मेडिकल हॉल (पीलीभीत बरेली मार्ग तक) सम्पर्क मार्ग पर पेवर टाईल्स लगाने का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 25.80 | 2.58 | 944.00 | दो माह | ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य हेतु) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

UP - 249935 दिनांक: 16/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0बरेली


### मजदूर पर हमला, बहन को भी पीटा

**निघासन, अमृत विचार :** गांव ग्राम अदलाबाद निवासी राजाराम ने बताया कि गुरुवार को उसका पुत्र विनोद मजदूरी के लिए घर से निकला था। रास्ते में गांव के ही प्रदीप, नागेश, मनोज और मालती ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बहन अनीता मौके पर पहुंची और भाई को बचाने लगी, लेकिन हमलावरों ने उसे भी पीट दिया। हमले में दोनों भाई-बहन के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### फब्तियां कसने के आरोपी सहित 6 गिरफ्तार

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक के नेतृत्व थाना की एंटी रोमियो टीम ने गनेशपुर तिराहे के पास आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले नीरज पुत्र दिनेश निवासी भवानीगंज को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही शांति भंग के आरोप में पांच लोगों ललित कुमार, अनूप कुमार निवासी हरैय्या, संकटा प्रसाद, अजीत कुमार उर्फ धर्मेंद्र निवासी ग्राम कौरेली, शिव पूजन निवासी रामखेड़ा को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

### घर में घुसकर परिवार पर हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पलिया के गांव रानीपुरवा निवासी राजेश्वरी ने बताया कि गुरुवार की शाम उसकी पौत्री लक्ष्मी देवी अपने पिता को बुलाने जा रही थी। तभी गांव के ही नरेश, मालती देवी, विकास और पंकज ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने घर में घुसकर राजेश्वरी, उसकी बहू मैना देवी, बलविंदर और मिथलेश कुमार के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# मितौली आ सकते हैं मुख्यमंत्री, प्रशासन अलर्ट

- तैयारियां तेज, डीएम-एसपी और सीडीओ ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता, मितौली


हेलीपैड का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 21 अप्रैल को संभावित दौरे की खबर के बाद प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार सहित भारी प्रशासनिक अमले ने मितौली पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री का संभावित दौरे की तारीख अभी तय नहीं हैं, लेकिन उनका दौरा 21 या 23 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसको लेकर सुरक्षा और व्यवस्था का खाका तैयार किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने कार्यक्रम स्थल और तहसील परिसर का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान पूर्व सांसद जुगुल किशोर और विधायक सौरभ सिंह सोनू भी मौजूद रहे।

धिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। मुख्य मार्गों, नालियों की सफाई और सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। कर्मचारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था की स्थिति न रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मधुसूदन गुप्ता के साथ राजस्व और पुलिस विभाग के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर भी मंथन हुआ।

# नकली नोट मिले, महिला की तहरीर पर हिरासत में दो भाई

- परचून व मीट की दुकान पर खपाए गए नोट, पेट्रोल पंप पर जांच में खुली पोल

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव सिन्हौना में परचून और मीट की दुकान पर दिए गए 500-500 रुपये के नोट नकली मिले हैं। इसका खुलासा होने के बाद आरोपी अब कुछ लोगों की मदद मामले को दबाने की कोशिश में जुट गए। हालांकि पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस संदिग्ध दो सगे भाइयों को पकड़कर थाने लाई और उनसे पूछताछ की है।

ग्राम पंचायत सिन्हौना निवासी सबीना खातून ने बताया कि वह गांव में खोखे पर किराने का सामान बेचती हैं, जबकि उनके पति मुर्गे का मीट बेचते हैं। गुरुवार को गांव के ही एक ग्रामीण का बड़ा बेटा दुकान पर आया और 500 रुपये का नोट देकर खाने का तेल खरीदा। इसके बाद उसने उनके पति से मीट खरीदकर उन्हें भी 500 का नोट थमा दिया और चला गया। बाद में जब उनके पति कुतुबुद्दीन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे और वही नोट दिया। कर्मचारियों ने जब नोट की जांच की तो वह नकली निकला। इस पर उसे लेने से मना कर दिया। यह सुनते ही उनके होश उड़ गए।

पीड़ित दंपति ने जब नोट वापस लेने का दबाव बनाया तो आरोपी भड़क गया। पुलिस को सूचना देने की धमकी पर वह कुछ लोगों की मदद से समझौते का दबाव बनाने लगा, लेकिन पीड़ित नहीं माने और शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। कार्यवाहक एसओ आशुतोष सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंचे तो आरोपी का परिवार घर से फरार मिला। पुलिस ने संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पुलिस संदिग्ध दो भाइयों को थाने लाई है और उनसे पूछताछ कर रही है। प्रभारी एसओ ने बताया कि प्रकरण की गहराई से जांच की जा रही है।जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### नकली नोटों का खेल, बड़े नेटवर्क की आशंका

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिन्हौना में नकली नोटों के खपाने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। ग्राम पंचायत सिन्हौना में पहले भी 500 रुपये के नकली नोटों के चलन की चर्चाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन शिकायत न होने के कारण मामला दब गया था। अब सिन्हौना की घटना ने इन आशंकाओं को और पुख्ता कर दिया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि इसके पीछे संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है, जो गांवों में पहचान का फायदा उठाकर नकली नोट खपा रहा है। पिछले सितंबर महीने में मैलानी पुलिस ने नकली नोट चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 500-500 रुपये के चार जाली नोट बरामद हुए थे। पुलिस ने आरोपी थाना मैलानी के गांव लक्ष्मीपुर निवासी हिमांशु गौतम को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। वर्ष 2019 में चंदनचौकी कोतवाली पुलिस ने नोट छापने वाले मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया था। वह मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान की आड़ में प्रिंटर से नकली नोट छापता था। अक्टूबर 2019 में इस मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार हुआ था। अप्रैल 2014 में एसटीएफ ने नकली नोटों की खेप पकड़ी थी। एसटीएफ ने बताया था कि बिहार और लखीमपुर खीरी के रास्ते जाली करेंसी देश के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही थी। इसी महीने में पिछले दिनों बहराइच पुलिस ने नकली नोट बनाने और खपाने के रैकेट का भंडाफोड़ किया था। पुलिस की जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी कि 500 के नोट लखीमपुर खीरी में तैयार कर ग्रामीण इलाकों मे खपाए जा रहे थे। इस मामले में बहराइच पुलिस ने थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव दलराजपुर निवासी मास्टरमाइंड गुरचरन सिंह उर्फ विजय और चुरईपुरवा निवासी सकीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# तुमसे मिलकर न जाने क्यूं और भी कुछ याद आता है...

## सांस्कृतिक मंच पर बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार ने प्रस्तुति देकर महफिल को किया रोशन, सपना और मुस्कान के नृत्य ने युवाओं को रिझाया

- बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार एण्ड पार्टी के कलाकारों ने जबरदस्त प्रस्तुतियां दीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के समापन पर 20वें दिन सांस्कृतिक मंच पर बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार एण्ड पार्टी के कलाकारों ने जबरदस्त प्रस्तुतियां देकर महफिल को रोशन करते हुए समापन को यादगार बना दिया।

गुरुवार शाम ऐतिहासिक चैती मेला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी आनंद त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि अवनि पांडे, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आरती सिंह ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर पुष्प मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा में विभिन्न दायित्वों पर रहे विजय शुक्ला रिंकू ने पहली बार पालिका में भाजपा का परचम बुलंद किया। इन्होंने ऐतिहासिक चैती मेला को भव्यता के साथ सजाया तथा विश्व प्रसिद्ध कलाकारों को सांस्कृतिक मंच पर आमंत्रित भी किया।

नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि 20 दिनों तक गणमान्य लोगों ने आकर सांस्कृतिक मंच को गौरवशाली बनाया। सभी के सहयोग से ही चैती मेला की भव्यता, सुंदरता बढी है। इसके लिए वह सभी के हृदय से आभारी हैं।

ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर बालीबुड सिंगर सब्बीर कुमार ने जैसे ही अपने सुप्रसिद्ध गीत-जब हम जवां होंगे, जाने कहां होंगे से शुरुआत की वैसे ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। फिर उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। हैरान हूं मैं आपकी जुल्फों को देखकर, इनको घटा कहूं तो घटाओं को क्या कहूं, सारे शिकवे गिले भुलाके कहो, गोरी हैं कलाइयां पहना दो मुझे हरी हरी चूड़ियां, अपना बना ले मुझे बालमा, दर्दे दिल जीने का मरने का मजा देगा, ओ मां शेरा वालिए, प्यार किया नहीं जाता हो जाता है, ओ धारा तेरे बिना, पर्वतों से आज मैं टकरा गया, तुमसे मिलकर न जाने क्यूं और भी कुछ याद आता है सुनाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सांस्कृतिक मंच पर डान्सर सपना ने शाम है धुआं धुआं, जिगर बा शेर के न छेड़ल छुरी है, मारिया मारिया कमर के लच लच, पेट के नीचे साड़ी, तेरी जवानी बड़ी मस्त मस्त है। डांसर मुस्कान ने छोरी की बात मीठी छुरी है जैसे गीतों पर डॉस कर देर रात तक दर्शकों की तालियां बटोरीं। कानपुर की समृद्धि तिवारी और शब्बीर कुमार ने प्रस्तुति देकर महफिल को रोशन किया। कानपुर के मिमिक्री आर्टिस्ट अर्पित सैनी ने लोगों को खूब हंसाया।



छोटी काशी के चैती मेला के समापन समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार



मेला समापन पर गोला गौरव से विभूषित विशिष्ट प्रतिभाएं। ● अमृत विचार



सृष्टि वर्मा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### इन्हें मिला गोला गौरव पुरस्कार

चैती मेला के समापन पर 16 अप्रैल गुरुवार को मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य, प्रदेश महामंत्री भाजपा अनूप गुप्ता ने पालिकाध्यक्ष के साथ नगर में वैष्णो माता का कृत्रिम दरबार सजाने वाले अवधेश श्रीवास्तव उर्फ दीपू लाला, उत्कर्ष ललित कला एकेडमी के माध्यम से कला क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. स्मिता तिवारी, शिक्षा, काव्य, भजन, गायन से धर्म के क्षेत्र में योगदान के लिए बृजेश तिवारी, व्यापार को समाजसेवा के लिए समर्पित केशव अग्रवाल, पत्रकारिता के क्षेत्र में अमृत विचार के जिला ब्यूरो चीफ विकास शुक्ल, नगर के कैंसर के स्पेशलिस्ट डॉ. आकाश राजपूत, श्री शिवसेवक दिल्ली शाखा छोटी काशी जिला प्रमुख व संगठनों में योगदान के लिए अनिल कुमार जलोटा, को गोला गौरव से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने चैती मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजक, सभासदों को स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

### खेल महोत्सव की दौड़ चैंपियन सृष्टि सम्मानित

गोला खेल महोत्सव 2025 में विजेता रहीं सृष्टि वर्मा को मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार डायट किट एवं खेल सामग्री प्रदान की। सृष्टि जिला एवं मंडल स्तर पर दौड़ में विजय प्राप्त कर चुकी नगर की प्रतिभावान खिलाड़ी हैं।

## डुडवा में आधी रात लगी आग से घर जला

**संवाददाता, भानपुर, अमृत विचार:** बिजुआ ब्लाक के डुडवा गांव में गुरुवार रात लगी आग ने एक परिवार की गृहस्थी उजाड़ दी। 40 हजार रुपये नकद, एक बोरी मसूर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

गांव डुडवा निवासी केशवराम के घर में देर रात आग लग गई। देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

क्षेत्रीय लेखपाल अजय गुप्ता शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट गोला तहसील प्रशासन को भेजी है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है।

## भाकिमयू का अनिश्चितकालीन धरना जारी

- भीरा-पलिया के बीच बंद रेलवे क्रासिंगों को खुलवाने की मांग

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचार:** भीरा और पलिया रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित महत्वपूर्ण रेलवे क्रासिंगों को बंद किए जाने के विरोध में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सिंघानिया) का धरना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट एसके. सिंघानिया के निर्देश पर ग्रामसभा मटेहिया के बोझवा रेलवे क्रॉसिंग पर तीसरे दिन भी जारी रहा।

धरने का नेतृत्व कर रहे प्रमोद गुप्ता ने कहा कि मटेहिया, बोझवा और दौलतापुर की क्रासिंगों को बंद करके रेलवे प्रशासन ने किसानों के हाथ-पैर बांध दिए हैं। किसान अपनी ही जमीन पर खेती करने, ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाने और खाद-बीज पहुंचाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जनहित में इन क्रासिंगों को दोबारा नहीं खोला जाता, संगठन पीछे नहीं हटेगा। संगठन ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि 24 जनवरी को दिए गए 10 दिनों के आश्वासन को प्रशासन भूल चुका है, जो किसानों के साथ सरासर वादाखिलाफी है। यदि 30 अप्रैल तक समाधान नहीं हुआ तो 01 मई (मजदूर दिवस) पर संगठन रेल रोको आंदोलन और भीरा-पलिया मार्ग का पूर्ण चक्का जाम करेगा। धरना स्थल पर संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, पीड़ित किसान और कार्यकर्ता डटे हुए हैं।



धरने पर बैठे भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## चांद बने अध्यक्ष और शिवपाल प्रबंधक

- सरस्वती विद्या मंदिर में प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार:** तेज महेंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुआ। एकल नामांकन होने के चलते चांद कुमार जैन को पुनः अध्यक्ष और शिवपाल सिंह को प्रबंधक चुना गया।

नई कार्यकारिणी में रामवचन तिवारी उपाध्यक्ष, हरीश आनंद सह प्रबंधक, राजीव गुप्ता कोषाध्यक्ष, विमल अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सिंह, विमल दीक्षित, अभिषेक शुक्ला, सुभाष दास और गिरीश चंद्र वर्मा सदस्य चुने गए।

रामजी सिंह को प्रदेश निरीक्षक तथा सुनील सिंह (प्रधानाचार्य) को पदेन सदस्य के रूप में चयनित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी चयनित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। चुनाव प्रक्रिया राजकीय इंटर कॉलेज शारदा नगर के कमलेश कुमार सक्सेना, धर्म सभा इंटर कॉलेज लखीमपुर के लवलेश वर्मा एवं परीक्षा प्रभारी अश्वनी कुमार वर्मा ने संपन्न कराई। यहां प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, संभाग निरीक्षक अवधेश सिंह, संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह, पूर्णकालिक संघ चालक मुनेंद्र दत्त शुक्ला, जिला संघ चालक अमित भसीन आदि मौजूद रहे।

## धर्मगुरुओं, चिकित्सकों अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान



रामलीला मेले में विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करतीं पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी।

- रामलीला मेले में नगर पंचायत अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर भेंट किए स्मृति चिह्न

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत की ओर से आयोजित किये जा रहे रामलीला मेले में धर्मगुरुओं, चिकित्सकों, वकीलों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, प्रतिभागियों व नगर पंचायत कर्मियों आदि का सम्मान किया।

रात आठ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारका प्रसाद गोयल, जगजीवन गुप्ता, जेके तिवारी, प्रीति सैमसन आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सभी धर्मगुरुओं कोमाल्यार्पण और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह में पत्रकारों, चिकित्सकों, वकीलों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडलों, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षों, नगर पंचायत सदस्यों, नगर पंचायत के सफाई मित्रों, कर्मचारियों आदि को माल्यार्पण और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संचालन राजेश सिंह राठौर ने किया। पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी ने आगंतुकों का आभार जताया। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सत्यवती, फूलमती, गुरमीत कौर, भगवत स्वरूप बाथम, वेदप्रकाश अवस्थी, कृष्ण मुरारी अवस्थी, संतोष ठाकुर, रॉबर्ट विलियम सैमसन आदि रहे।

## गन्ना उधार खरीदकर उत्पीड़न कर रहा खांडसारी उद्योग

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र की चीनी मिलों की बंदी के बाद शेष गन्ने को किसान क्रेशर व कोल्हूओं पर बेचने को मजबूर हुए। इसका फायदा बघमरा में संचालित मां शारदा मैहरवाली खांडसारी उद्योग उठा रहा है। 10 किमी दूर से गन्ना लेकर आने वाले किसानों का गन्ना उधार खरीदकर, भुगतान के लिए किसानों को अगले दिन बुलाया जाता है, लेकिन नकदी न मिलने का बहाना बताकर कई घंटे इंतजार करने या अगले दिन आना होता है।

बुधवार को 12 बजे बुलाए दर्जनों किसान गन्ने का भुगतान लेने पहुंचे, करीब दर्जन भर किसानों को चार घंटे बाहर धूप में इंतजार करना पड़ा, जिस पर कारखाना के मुनीम व किसानों में झड़पें हुईं। गुलशन, सुधीर शुक्ला, राजेश कुमार, हाकिम सिंह, रेशम सिंह, विवेक वर्मा, संजय कुमार, विक्रमजीत सिंह, रमेश सिंह, महेंद्र प्रकाश वाजपेयी, आशीष शुक्ला आदि किसान धूप से तपते रहे। कई किसान मायूस होकर लौट गए।

## न्यूज डायरी



### एसडीएम ने दिलाई नामित सभासदों को शपथ

**मैलानी, अमृत विचार :** नगर पंचायत में नामित सदस्यों राजेश सिंह राठौर, मंजूलता श्रीवास्तव और शिव गोविंद कुशवाहा को एसडीएम न्यायिक रेनू मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और एसडीएम रेनू मिश्रा ने सभी नामित सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, गुरमीत कौर, रॉबर्ट विलियम सैमसन, सुभाष गोयल, सरस्वती धूरिया, अनीता कौर, भगवत स्वरूप बाथम, सहित सभासद और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तरुणोदय यूथ क्लब की सराहना

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कुंभी ब्लॉक क्षेत्र के गांव मूड़ाविश्नू के खेल मैदान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर तरूणोदय यूथ क्लब द्वारा सराहनीय पहल करते हुये पौधरोपण किया गया। खेल मैदान पर पूर्व में किए गए पौधरोपण के समय क्लब के सदस्यों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया था, उसी संकल्प को पूरा करने के तहत यह अभियान आगे बढ़ाया गया। पूर्व में लगाए गए सूख चुके पौधों के स्थान पर पुन: पौधरोपण किया। अभियान में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल द्वारा दो पीपल के पौधों का सहयोग प्रदान किया गया। पौधरोपण के समय संदीप कुमार वर्मा सहित सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।



### 95.2: अंक पाकर दक्षवीर सिंह बने कॉलेज टॉपर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के घोषित परिणामों में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कॉलेज की मेरिट सूची में दक्षवीर सिंह ने 95 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को विद्यालय में टॉप टेन सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों अनमोल गुप्ता 95 .0 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, शुभता पेरीवाल 92 .8 प्रतिशत के साथ तृतीय, परिधि गुप्ता और श्रजल कटियार ने 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा, अक्षत स्वर्णकार, अर्पिता सिंह एवं अभय वर्मा ने 92 .0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनूप टिर्की ने टॉपरों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया।



### बैसाखी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में की पूजा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बैसाखी अमावस्या पर शुक्रवार को नगर के पौराणिक शिव मंदिर में तमाम श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन किया और घाट पर बैठे पुरोहितों से सत्यनारायण की कथा सुनीं। अमावस्या पर सुबह से ही नगर के शिव मंदिर में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी दर्शन के लिए पहुंचे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ का गंगाजल, दूध, शहद, फल, फूल, धतूरा से अभिषेक कर तीर्थ के घाट पर पुरोहितों से कथा सुन दान पुण्य किया। पुजारी पंडित शिवम मिश्रा ने बताया कि वैशाख अमावस्या के दिन भगवान शिव का पूजन विशेष फलदाई मान जाता है।

### कुत्तों से घिरे चीतल ने घर में घुसकर बचाई जान

**केशवापुर, अमृत विचार :** महेशपुर वनरेंज की आंवला बीट के अंतर्गत अजान कस्बे में शुक्रवार सुबह कुत्तों के झुंड ने भोजन तलाश कर रहे चीतल को शिकार बनाने को दौड़ा लिया। अपनी जान बचाने के लिए चीतल ने आबादी का रुख किया और गांव में अतुल वर्मा के घर में घुस गया। मौके पर मौजूद आशीष वर्मा, रमेश कश्यप, राजेन्द्र वर्मा आदि ने कुत्तों को खदेड़ा। ग्रामीणों ने सहमे हुए चीतल को एक कमरे में बंद कर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर वन सुरक्षा वाचर संजय और मुख्तयार मौके पर पहुंचे और चीतल को ई-रिक्शा से बिठाकर ले गए। वन दरोगा माया प्रकाश ने बताया कि चीतल कुत्तों के डर से काफी सहमा हुआ था, उसे हल्की खरोंचें भी आई हैं। पहले उसका इलाज किया जाएगा। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद चीतल को आंवला जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।


अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 19 अप्रैल 2026, रविवार 3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463 7599211076



सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

न्यूज ब्रीफ

### घर में रंजिशन आग लगाने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव टिहुलिया में गांव के ही लोगों ने रंजिशन आग लगा दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। टिहुलिया निवासी माबूद अहमद पुत्र फारूक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी सलीम अहमद पुत्र चिग्गू, आकिब अहमद पुत्र सलीम अहमद, अशरफ अहमद पुत्र अनवारुल हसन, अयान अहमद पुत्र अनवारुल हसन ने 16 अप्रैल की रात्रि 1.45 बजे उनके घर में आग लगा दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक उनका घरेलू सारा सामान जलकर राख हो चुका था, आग से हजारों का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### थ्रेसर की चिंगारी से भूसा-गेहूं जलकर राख

**मझगई, अमृत विचार :** थाना मझगई क्षेत्र में खेत पर थ्रेसर से गेहूं निकालते समय निकली एक चिंगारी से देखते ही देखते भूसे के ढेर में आग लग गई और उसकी चपेट में आकर पास में रखा गेहूं भी जलकर राख हो गया। धन्नापुरवा गांव निवासी राकेश अपने खेत में थ्रेसर से गेहूं निकलवा रहे थे। इसी दौरान मशीन से निकली चिंगारी भूसे के ढेर पर जा गिरी, जिससे अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन तेज लपटों और हवा के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। कुछ ही देर में भूसा और गेहूं जलकर राख हो गया।

# बवाल में फर्जी नामों का खेल, ट्रक ड्राइवर ने खोली पोल

## राजस्थान में ट्रक चला रहा था युवक, यहां एफआईआर में लिख दिया नाम, बेकसूरों के फंसने की गहराई आशंका, एफआईआर पर उठे सवाल

अमृत विचार EXCLUSIVE

टीएन अवस्थी/धर्मवीर गुप्ता, लखीमपुर खीरी/बांकेगंज


राजस्थान में श्याम धर्म कांटे पर तौल कराता पीड़ित युवक। ● अमृत विचार


मोतीपुर गांव में पूर्व सांसद भाजपा नेता को आपबीती बतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार


गांव में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांव मोतीपुर में 14 अप्रैल को हुए बवाल के मामले में अब पुलिस की एफआईआर पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला उस वक्त और पेचीदा हो गया, जब एफआईआर में एक ऐसे व्यक्ति को नामजद कर दिया गया जो पेशे से ट्रक चालक है और घटना के समय अहमदाबाद में रहकर ट्रक चला रहा था। दर्ज रिपोर्ट में उसकी नामजदगी की जब जानकारी लोगों को हुई तो यह आशंका तेज हो गई है कि पुलिस ने अपनी एफआईआर में कई निर्दोष व्यक्तियों के नाम भी शामिल कर लिए हैं।

गांव मोतीपुर में विवादित जमीन पर आंबेडकर प्रतिमा को लेकर शाम करीब चार बजे दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी हाथापाई की थी। इस दौरान कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। कुछ सरकारी गाड़ियों में आग भी लगा दी गई थी। उपद्रवीयों ने पुलिस पर जमकर ईंट-पत्थर भी बरसाए थे।

पुलिस का दावा है कि आगजनी, तोड़फोड़ करते समय उपद्रवी सरकारी गाड़ियों से कागजात, लाउडहेलर, चार्जर आदि के साथ ही सरकारी कागज भी उठा ले गए। इस उपद्रव में चौकी इंचार्ज

- ट्रक चालक की नामजदगी से घिरी मैलानी पुलिस

संसारपुर जितेंद्र यादव, चौकी प्रभारी कुकरा अवनीश पंवार, एसआई विजेंद्र पाल गंगवार समेत करीब 20 पुलिस वाले घायल हुए थे। घटना के बाद मैलानी पुलिस ने थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य की तहरीर पर 73 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

एफआईआर दर्ज होते ही गांव में चर्चा शुरू हो गई थी कि कई बेगुनाह लोग भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। अब यह आशंका तब और मजबूत हो गई जब एक ऐसा नाम सामने आया, जो घटना के समय सैकड़ों किलोमीटर दूर ट्रक चला रहा था। एफआईआर में 71 वें नंबर पर नामजद मोतीपुर निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि वह वर्ष 2008 से हरियाणा में ट्रक चला रहा है। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी 2026 को वह गांव से वापस हरियाणा चला गया था और तब से लगातार राजस्थान में ही रहकर काम कर रहा है।

अरविंद के अनुसार 14 अप्रैल को जब मोतीपुर में बवाल हुआ, उस दिन वह राजस्थान के बूंदी-कोटा बाईपास के पास ट्रक लेकर मौजूद था। सुबह करीब 9:40 बजे उसने श्याम धर्म कांटा पर गाड़ी का वजन कराया, फिर राधा कृष्ण राइस मिल में लोडिंग कराई।

दोपहर से लेकर शाम तक वह ट्रांसपोर्ट कंपनी में कागजी कार्रवाई में लगा रहा और रात में हरियाणा के लिए रवाना हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी पूरी मूवमेंट नेशनल हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर हुआ, जो सीसीटीवी निगरानी में रहते हैं। जरूरत पड़ने पर वह अपनी लोकेशन और सबूत भी पुलिस को देने को तैयार हैं। अरविंद ने कहा कि उन्होंने कर्ज और साझेदारी में ट्रक खरीदकर अपना जीवन यापन शुरू किया है। यदि उन्हें बेवजह इस मामले में फंसाया गया तो उनका रोजगार और परिवार दोनों संकट में पड़ जाएंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि निष्पक्ष जांच कर निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए।

# पूर्व सांसद ने दिया भरोसा, निर्दोष लोगों पर नहीं होगी कार्रवाई


अफसरों से गांव में बातचीत करते पूर्व सांसद जुगुल किशोर। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार :** मोतीपुर गांव में शुक्रवार शाम भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के मनोनीत सदस्य व पूर्व सांसद जुगल किशोर पहुंचे। उन्होंने बवाल के बाद उत्पन्न हालात का जायजा लिया। इस दौरान गांव की महिलाओं ने उनसे मिलकर पुलिस कार्रवाई को लेकर अपनी पीड़ा साझा की।

गांव पहुंचने पर जुगल किशोर को अधिकांश घर खाली मिले। पुलिस के भय से लोग इधर-उधर छिपे हुए थे। उनके कहने पर कुछ महिलाएं इकट्ठा हुईं और रो-रोकर बीते दिनों की घटनाएं बताईं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान उन्हें प्रताड़ना का

- पूर्व सांसद जुगुल कुमार के सामने महिलाओं का दर्द फूटा
- रो-रोकर सुनाई आपबीती, पूर्व सांसद ने गांव पहुंचकर लिया जायजा

सामना करना पड़ा और उनके घरों का सामान तक तोड़ दिया गया। इस पर जुगल किशोर ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस कप्तान से भी बातचीत की गई है और दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जो लोग डर के कारण गांव छोड़कर चले गए हैं, वे वापस अपने घरों में आकर रहें। उन्हें किसी प्रकार की प्रताड़ना नहीं दी जाएगी और सामान्य जीवन बहाल किया जाएगा। महिलाओं ने बताया कि पिछले चार दिनों से उनके घरों में चूल्हे तक नहीं जले हैं। इस पर जुगल किशोर ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों, पुलिसकर्मियों और पत्रकारों से भी अपील की कि वे ग्रामीणों को भरोसा दिलाएं और गांव में शांति व्यवस्था बहाल करने में सहयोग करें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, धौरहरा थाना प्रभारी रविंद्र सोनकर सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। गांव में उनके पहुंचने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी उनसे मिलने पहुंचे। पूर्व सांसद के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने कुछ राहत महसूस की है और अब गांव में हालात सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद भी एक भी गिरफ्तारी नहीं

**बांकेगंज, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र के मोतीपुर बवाल मामले में तीसरे दिन पुलिस के हाथ खाली रहे। मंगलवार को हुए उपद्रव के बाद पुलिस दो दिनों में 32 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। पुलिस की लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी से घबराकर कई लोग गांव छोड़कर फरार हो गए। हालात यह हैं कि कई ग्रामीण खेतों और बागों में शरण लेने को मजबूर हैं, जबकि कुछ लोग बाहर काम की तलाश में चले गए हैं। यहां तक कि वे लोग भी घर लौटने से डर रहे हैं, जिनका सीधे तौर पर घटना से कोई लेना-देना नहीं था। मोतीपुर गांव में घटना के चौथे दिन भी गलियां सूनी नजर आईं। घरों में केवल महिलाएं दिखीं, जबकि पुरुष वर्ग लगभग गायब रहा। आसपास के अन्य गांवों में भी यही स्थिति बनी हुई है। इस बीच पुलिस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई। पलिया विधायक रोमी साहनी ने वीडियो जारी कर पुलिस से संयम बरतने की अपील की थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल और पूर्व सांसद रवि वर्मा ने भी निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। वहीं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मौर्य को पीड़ितों से मिलने जाते समय पुलिस ने रोक दिया। राजनीतिक दबाव और अपीलों का असर भी पुलिस की कार्रवाई पर दिखाई दिया। तीसरी रात पुलिस कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी, हालांकि उपद्रवियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

# एक ही रात में 4 गांवों में चोरी, दुकानें और घर खंगाले

- पुलिस गश्त पर सवाल, ग्रामीणों में दहशत
- ताले तोड़कर लाखों की नकदी और जेवर ले गए चोर, कई जगह चोरी की कोशिश

संवाददाता, बेहजम


घर से कुछ दूरी पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाती फोरेंसिक टीम। ● अमृत विचार


घटना स्थल की जांच कर परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र गुरुवार की रात पुलिस की जगह चोरों के कब्जे में रहा। चोरों ने एक ही रात में चार गांवों में धावा बोला। दुकानों और घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चोरी कर ले गए। कई जगह ताले तोड़ने के बाद भी वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके।

थाना नीमगांव के गडरिया चौराहे पर चोरों ने अवधेश कुमार की दो दुकानों और विनीत दीक्षित की चार दुकानों गोदाम, गल्ला व परचून के ताले तोड़ दिए। वहीं उमरपुर चौराहे पर गोलू दीक्षित और श्याम जी की दुकानों को भी निशाना बनाया गया। गडरिया चौराहे पर छह दुकानों और उमरपुर चौराहे पर दो दुकानों के ताले तोड़े, लेकिन चोर वहां चोरी करने में सफल नहीं हो सके।

इसी थाना क्षेत्र की सिकंद्राबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के रायपुर घूंसी गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय में सेंध लगाकर चोर मिड-डे-मील का रखा राशन चोरी कर ले गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार के अनुसार चोर लगभग दो बोरी चावल और दो बोरी गेहूं ले गए। सिकंदराबाद चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इसी थाने की बेहजम पुलिस चौकी से महज 10 कदम दूर चोरों ने ओम गिरी के मकान में घुसकर अलमारियों के ताले तोड़े और करीब 2 लाख रुपये नकद व 15 से 20 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। वारदात के बाद चोर घर से तीन बक्से उठाकर अलग-अलग स्थानों पर ले गए। एक बक्सा बाबा गौरी शंकर मंदिर के पीछे झाड़ियों में, दूसरा पुलिया के नीचे और तीसरा खेत में मिला। सभी बक्सों को खंगालकर नकदी और जेवरात लेकर चोर फरार हो गए।

इसी रात लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गिरी पेट्रोल पंप के पास राजेश गिरी के मकान में भी चोरी की। यहां से करीब 30 हजार रुपये नकद और लगभग एक लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। चोर यहां से भी बक्सा उठाकर पास के खाली प्लॉट में ले गए और सामान खंगालने के बाद फरार हो गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार करीब चार घंटे तक थाना स्तर के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली। थानाध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। वहीं फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। खुलासे के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

# बाइक सवारों ने कार चालक को पीटा

**केशवापुर, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद क्षेत्र की अज़ान पुलिस चौकी के कस्बे में बीती रात मुख्य चौराहे पर चार बाइकों पर सवार पांच युवकों ने चार कार को जबरन रोक चालक से गली गलौज व मारपीट की। मार्केट के चौकीदार ने पुलिस को कई बार फोन किया, चौकी से चंद कदमों दूर हुई घटना पर पुलिस नहीं पहुंची। प्रत्यक्षदर्शी व मार्केट के चौकीदार बदलू ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे घरथनिया की ओर से आ रही लाल रंग की एक कार को चार बाइकों पर सवार अज्ञात पांच युवकों ने सदर चौराहे के निकट ओवरटेक कर कार रुकवाकर चालक को गिरा दिया। बेल्टों और लात घूसों से पिटाई करते रहे। शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले, तब तक आरोपी से भागे। घायल कार चालक कार लेकर चला गया। चौकीदार बदलू ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने अज़ान पुलिस चौकी के दीवान राजू को फोन किया, इसके बाद कांस्टेबल धर्मेन्द्र को फोन किया लेकिन अज़ान चौकी से कोई नहीं पहुंचा।

# बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं


गोष्ठी में मौजूद विधायक सौरभ सिंह सोनू व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** विकासखंड मितौली के बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में सम्मान अभियान के तहत सामाजिक समरसता गोष्ठी आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर और कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। पूर्व सांसद जुगल किशोर ने कहा कि बाबा साहब के विचार समाज निर्माण के लिए अपरिहार्य हैं, हमें सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के सिद्धांतों को रैलियों के माध्यम से घर-घर पहुंचा रही है। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मन्ना लाल राठौर भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, खीरी टाउन

- पति से विवाद के बाद मायके में रह रही थी महिला

**अमृत विचार:** कस्बा खीरी के मोहल्ला डीहपुर में एक 19 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मोहल्ला डीहपुर निवासी कासिम अली की पुत्री नूरबानो (19) का निकाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम लखपेड़ा कोतवाली सदर निवासी जियाउद्दीन के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते आठ दिन पहले पति उसे मायके छोड़ गया था। बताया जाता है कि गुरुवार की रात महिला की अपने पति से फोन पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद सभी लोग सो गए। सुबह जब परिजन जागे तो नूरबानो का शव घर में रखी सीढ़ी से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी संजय यादव ने शव को नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम भेजा गया है।

# गणेश त्रिपाठी मौत मामले में हत्या का केस दर्ज, गुरुवार को सड़क किनारे मिला था शव

संवाददाता, मितौली


मृतक गणेश त्रिपाठी।

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के निमचेना गांव निवासी गणेश त्रिपाठी के मामले में पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं शुक्रवार की शाम जब शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस की मौजूदगी में शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

सीतापुर जिले के ग्राम निमचेना निवासी गणेश त्रिपाठी (40) गुरुवार शाम करीब चार बजे अपनी बाइक से पास के गांव शहीदपुर में सरसों पेराई कराने गया था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। इस बीच सूचना मिली कि कानाखेड़ा-निमचेनी मार्ग पर वह संदिग्ध हालत में सड़क किनारे पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर गणेश की बाइक और मोबाइल वहीं पास में सुरक्षित मिले, लेकिन उसके सिर पर गहरे और गंभीर घाव के निशान थे, जिससे काफी खून बह रहा था। मृतक की पत्नी संध्या त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में हत्या की आशंका जताई थी कि उसके पति की हत्या की गई है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। संध्या के अनुसार पति जयपुर में रहकर काम करते थे और गणेश अभी कुछ समय पहले ही गांव वापस आया था। उधर शुक्रवार की शाम शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। शव आते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट, चार लोग घायल

- तेज रफ्तार बाइक चलाने को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस ने संभाला मोर्चा

संवाददाता, भानपुर


रूपनपुरवा गांव में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के रूपनपुरवा गांव में गुरुवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी बिजुआ में भर्ती कराया गया है।

गांव निवासी अक्षय पुत्र रामदास अपनी बाइक तेज गति से गोविंद पुत्र दाताराम के घर के सामने से निकाल रहा था। इस पर गोविंद की पत्नी ने अक्षय के परिजनों से गांव में धीरे वाहन चलाने को लेकर शिकायत की। इसी दौरान गोविंद का भाई परमानंद भी मौके पर पहुंच गया। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि परमानंद और उसके भाई अंकित ने अक्षय के परिजन शिवचंदर पुत्र परशुराम को लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। दूसरे पक्ष से ऊषा देवी पत्नी दाताराम, काजल पुत्री बालगोविंद और सुनीता देवी पत्नी बालगोविंद भी मारपीट में घायल हो गईं। सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी बिजुआ भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। हालात बिगड़ते। इससे पहले ही घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। मौके पर थाना पलिया पुलिस को भी बुला लिया गया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त कर ली गई है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है।

# एडीएम ने केंद्र प्रभारियों की लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गेहूं खरीद में ढिलाई पर क्रय केंद्रों पर एडीएम के छापे से मचा हड़कंप एडीएम ने दिए खरीद प्रक्रिया तेज करने और पारदर्शिता रखने पर जोर

**अमृत विचार:** जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू व यूपीएसएस के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कम खरीद को लेकर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही केंद्र प्रभारियों और जिला प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को खाली हाथ वापस न किया जाए। एडीएम ने कहा कि हर हाल में किसानों का गेहूं तौला जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि शिकायत मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी हकीकत परखी। एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया को तेज करें और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।


**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र नईम को उसके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शकील अहमद पुत्र स्व. बाबू खां निवासी मोहल्ला ग्यासपुर डाकखाना व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**
मैं Atul mishra S/o Devendra giri ने अपना नाम बदल कर Arun giri रख लिया है। भविष्य में मुझे Arun giri S/o Devendra giri के नाम से जाना पहचाना जाए। Arun Giri S/o Devendra Giri निवासी ग्राम Sisaiya Maganpur पोस्ट/तहसील Faridpur जनपद Bareilly

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सचिन वाल्मीकी पुत्र श्री मुन्ना लाल वाल्मीकी है। पासपोर्ट रिनीवल के बाद जो अगला पासपोर्ट मिले उसमें सचिन वाल्मीकी पुत्र श्री मुन्ना लाल वाल्मीकी के नाम से ही प्राप्त हो। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सचिन वाल्मीकी पुत्र श्री मुन्ना लाल वाल्मीकी निवासी मो0 शाहपुरा कोठी, थाना व शहर लखीमपुर, जिला खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद और मदरसा किया जमींदोज

## संभल के मुबारकपुर बंद में की गई बुलडोजर कार्रवाई, 40 फीट ऊंची मीनार को ढहाने में हाईड्रा का लिया गया सहयोग, डीएम-एसपी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** संभल जनपद में सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार तेज हो रहा है। बिछौली गांव में इमामबाड़ा और ईदगाह पर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में मदरसे और मस्जिद पर ताबड़तोड़ बुलडोजर एक्शन किया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 40 फीट ऊंची मीनार को गिरा दिया गया, जबकि मस्जिद के शेष ढांचे को भी ध्वस्त कर दिया गया।

राजस्व प्रशासन की टीम सुबह करीब 8:30 बजे नायब तहसीलदार और राजस्व कर्मियों

- जबकि मस्जिद के शेष ढांचे को भी ध्वस्त कर दिया गया

के साथ भारी पुलिस बल लेकर गांव पहुंची। सबसे पहले सरकारी भूमि पर बने मदरसे को बुलडोजर से ढहाया गया। इसके बाद मस्जिद परिसर को खाली कराया गया और अंदर रखे धार्मिक सामान को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके पश्चात मस्जिद पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसडीएम निधि पटेल और तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे।

मस्जिद की मीनार को गिराने के लिए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती। पहले एक व्यक्ति को मीनार पर चढ़ाकर रस्सी बांधी गई, जिसके बाद दो बुलडोजर और दो हाइड्रा मशीनों की मदद से मीनार को नियंत्रित तरीके से गिराया गया। दूसरी ओर दो बुलडोजर मस्जिद के मुख्य ढांचे को तोड़ने में लगाए गए। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के मकानों को एहतियातन खाली कराया गया। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पीएसी, रैपिड रिएक्शन फोर्स और दो थानों की पुलिस तैनात की गई। इसके अलावा पूरे क्षेत्र की निगरानी ड्रोन कैमरों से भी की गई।



संभल के मुबारकपुर बंद गांव में मदरसे का निर्माण ध्वस्त करता बुलडोजर।

**पैमाइश में खुला था सरकारी जमीन पर मस्जिद-मदरसा बनाने का खेल :** 28 मार्च को प्रशासन द्वारा 1150 वर्ग मीटर सरकारी भूमि की पैमाइश कराई गई थी, जिसमें करीब 700 वर्ग मीटर क्षेत्र में मदरसा, मस्जिद, पांच दुकानें और एक मकान बना पाया गया था। इसके बाद संबंधित पक्ष को 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद मदरसे और दुकानों के कुछ हिस्सों को संबंधित लोगों द्वारा स्वयं ही हटाया गया, लेकिन शेष निर्माण को हटाने के लिए प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी।

### स्कूल की छुट्टी कर दी, बिजली आपूर्ति भी कराई गई बंद

**ओबरी, अमृत विचार :** मुबारकपुर बंद गांव में मस्जिद पर प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आसपास के स्कूलों की छुट्टी कराई गई और बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। बताया गया कि जिस स्थान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होनी थी, उसके दोनों ओर सरकारी स्कूल स्थित हैं। सुबह के समय स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएं चल रही थीं और बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। ऐसे में प्रशासन ने स्थिति का आकलन करते हुए दोपहर में कार्रवाई शुरू होने से पहले ही स्कूलों की छुट्टी कराकर सभी बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया। इसके साथ ही क्षेत्र से गुजर रही बिजली लाइन की आपूर्ति भी अस्थायी रूप से बंद करा दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाईटेंशन लाइन चालू रहती तो बुलडोजर कार्रवाई के दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रह सकती थी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाए गए, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना से बचा जा सके ।

### अक्षय तृतीया पर निकलेगी परशुराम शोभायात्रा

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** नगर में भगवान श्री परशुराम की निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर ब्राह्मण संगठनों ने संयुक्त बैठक अवधेश चन्द्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में की। जिसमें शोभायात्रा को भव्यता से निकालने, भ्रमण पथ और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। आयोजक समिति ने बताया इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा कई राम दरबार, गणेश जी, विट्ठल भगवान, परशुराम सहित आठ झांकियों के साथ श्रीराम लीला मैदान से निकलेगी। उत्तराखंड के श्रेष्ठ ग्रुप द्वारा सुन्दर भव्य झाकियां प्रस्तुत की जाएंगी।काली अखाड़ की शानदार प्रस्तुति शोभायात्रा में शामिल होगी। यहां आयोजक अतुल वाजपेयी, कमलेश मिश्रा, विनोद तिवारी, आनंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सेडा, वि.ख.भोजीपुरा, बरेली**

निविदा आमंत्रण सूचना 2026-27

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं.की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में 15वां, 16वां वित्त आयोग, पंचम, छठा राज्य वित्त आयोग, S.L.W.M., O.S.R., अन्त्योष्टि स्थलों का निर्माण, I.C.D.S., R.G.S.A., S.B.M. गौ आश्रम संचालन, भरण पोषण, मनरेगा से प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण/मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य/मरम्मत, नाली निर्माण/ मरम्मत, नाला निर्माण/मरम्मत, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, रोड़ा डलवाई, स्ट्रीट लाइट स्थापना /मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रीवोर, हैण्ड पम्पों की चबूतरी निर्माण/मरम्मत, जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, खाद्यान दुकान निर्माण विद्यालयों की चाहर दीवार निर्माण/ मरम्मत, विद्यालयों में कायाकल्प कार्य, विद्यालयों के शौचालय मरम्मत, विद्यालयों में जल आपूर्ति व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय मरम्मत एवं जल आपूर्ति, R.R.C. सेन्टर निर्माण/मरम्मत, C.S.C. सेन्टर निर्माण, S.L.W.M. के अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत, पंचायत भवनों के उपकरण व्यवस्था, पंचायत भवनों की चाहरदीवार निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवनों की रंगाई पुताई, साजसज्जा कार्य, बाल पेंटिंग, अन्त्योष्टि निर्माण, खेल का मैदान, पशु शैड निर्माण, मरम्मत, गौशाला पर अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, गौशाला पर भूसा, चोकर, हरा चारा, सप्लाई, गौशाला पर अन्य कार्य, ई-रिक्शा खरीद, सफाई किट खरीद, सफाई ठेली/मरम्मत, संचारी रोग हेतु दवा खरीद एवं छिड़काव, वृक्षारोपण तथा अन्य अनुरक्षण कार्य कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु, ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, वजरफुट, बजरी, रेता, सरिया, लोहा, टाइल्स, पाइप, इण्टर लाकिंग ईट, रोड़ी, बिजली के उपकरण, हैण्डपम्प मरम्मत एवं हैण्डपम्प रीवोर सामग्री, साइन वोर्ड, लोहे की चादर/सीमेन्ट की चादर, लोहे के तार व अन्य सामग्री, वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.04.2026 को पूर्वान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिनांक 28.04.2026 को ही सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-हुलासीराम सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुआंडाडा धिमनी, वि.ख.भोजीपुरा, बरेली**

निविदा आमंत्रण सूचना 2026-27

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं.की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में 15वां, 16वां वित्त आयोग, पंचम, छठा राज्य वित्त आयोग, S.L.W.M., O.S.R., अन्त्योष्टि स्थलों का निर्माण, I.C.D.S., R.G.S.A., S.B.M. गौ आश्रम संचालन, भरण पोषण, मनरेगा से प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण/मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य/मरम्मत, नाली निर्माण/ मरम्मत, नाला निर्माण/मरम्मत, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, रोड़ा डलवाई, स्ट्रीट लाइट स्थापना /मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रीवोर, हैण्ड पम्पों की चबूतरी निर्माण/मरम्मत, जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, खाद्यान दुकान निर्माण विद्यालयों की चाहर दीवार निर्माण/ मरम्मत, विद्यालयों में कायाकल्प कार्य, विद्यालयों के शौचालय मरम्मत, विद्यालयों में जल आपूर्ति व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय मरम्मत एवं जल आपूर्ति, R.R.C. सेन्टर निर्माण/मरम्मत, C.S.C. सेन्टर निर्माण, S.L.W.M. के अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत, पंचायत भवनों के उपकरण व्यवस्था, पंचायत भवनों की चाहरदीवार निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवनों की रंगाई पुताई, साजसज्जा कार्य, बाल पेंटिंग, अन्त्योष्टि निर्माण, खेल का मैदान, पशु शैड निर्माण, मरम्मत, गौशाला पर अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, गौशाला पर भूसा, चोकर, हरा चारा, सप्लाई, गौशाला पर अन्य कार्य, ई-रिक्शा खरीद, सफाई किट खरीद, सफाई ठेली/मरम्मत, संचारी रोग हेतु दवा खरीद एवं छिड़काव, वृक्षारोपण तथा अन्य अनुरक्षण कार्य कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु, ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, वजरफुट, बजरी, रेता, सरिया, लोहा, टाइल्स, पाइप, इण्टर लाकिंग ईट, रोड़ी, बिजली के उपकरण, हैण्डपम्प मरम्मत एवं हैण्डपम्प रीवोर सामग्री, साइन वोर्ड, लोहे की चादर/सीमेन्ट की चादर, लोहे के तार व अन्य सामग्री, वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.04.2026 को पूर्वान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिनांक 28.04.2026 को ही सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-विदेश कुमारी सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत जादौपुर, वि.ख.भोजीपुरा, बरेली**

निविदा आमंत्रण सूचना 2026-27

पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं.की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में 15वां, 16वां वित्त आयोग, पंचम, छठा राज्य वित्त आयोग, S.L.W.M., O.S.R., अन्त्योष्टि स्थलों का निर्माण, I.C.D.S., R.G.S.A., S.B.M. गौ आश्रम संचालन, भरण पोषण, मनरेगा से प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड निर्माण/मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य/मरम्मत, नाली निर्माण/ मरम्मत, नाला निर्माण/मरम्मत, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, रोड़ा डलवाई, स्ट्रीट लाइट स्थापना /मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, हैण्डपम्प रीवोर, हैण्ड पम्पों की चबूतरी निर्माण/मरम्मत, जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, खाद्यान दुकान निर्माण विद्यालयों की चाहर दीवार निर्माण/ मरम्मत, विद्यालयों में कायाकल्प कार्य, विद्यालयों के शौचालय मरम्मत, विद्यालयों में जल आपूर्ति व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय मरम्मत एवं जल आपूर्ति, R.R.C. सेन्टर निर्माण/मरम्मत, C.S.C. सेन्टर निर्माण, S.L.W.M. के अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन मरम्मत, पंचायत भवनों के उपकरण व्यवस्था, पंचायत भवनों की चाहरदीवार निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवनों की रंगाई पुताई, साजसज्जा कार्य, बाल पेंटिंग, अन्त्योष्टि निर्माण, खेल का मैदान, पशु शैड निर्माण, मरम्मत, गौशाला पर अन्य कार्य निर्माण/मरम्मत, गौशाला पर भूसा, चोकर, हरा चारा, सप्लाई, गौशाला पर अन्य कार्य, ई-रिक्शा खरीद, सफाई किट खरीद, सफाई ठेली/मरम्मत, संचारी रोग हेतु दवा खरीद एवं छिड़काव, वृक्षारोपण तथा अन्य अनुरक्षण कार्य कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु, ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, वजरफुट, बजरी, रेता, सरिया, लोहा, टाइल्स, पाइप, इण्टर लाकिंग ईट, रोड़ी, बिजली के उपकरण, हैण्डपम्प मरम्मत एवं हैण्डपम्प रीवोर सामग्री, साइन वोर्ड, लोहे की चादर/सीमेन्ट की चादर, लोहे के तार व अन्य सामग्री, वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 28.04.2026 को पूर्वान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिनांक 28.04.2026 को ही सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-अनम अफरोज़ सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुआ जागीर, वि.ख.भोजीपुरा, बरेली**

निविदा आमंत्रण सूचना 2026-27

